हिन्दुस्तान

रविवार

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 05, BOTTOM

**कांफ्रेंस** | एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट के बारे में जानकारी दी

# सी-सेक्शन के दौरान हर निर्णय महत्वपूर्ण

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट-2025 कांफ्रेंस शनिवार को शुरू हुई। पहले दिन आईवीएफ विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नूतन जैन को ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने सम्मानित किया।

पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ चार सत्रों में व्याख्यान के साथ पोस्टर और पेपर प्रेजेंटेशन किया गया। अतिथियों ने उद्घाटन सत्र में कांफ्रेंस की स्मारिका का भी विमोचन किया। चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ कुंडली बनाने का काम शुरू किया है। अब तक 50 हजार लोगों से ज्यादा की हेल्थ कुंडली बनाई जा चुकी है। जिसमें 14 हजार लोग डिप्रेशन के मिले।



कांफ्रेंस में डॉ. नूतन जैन को सम्मानित करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष और कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. शशि बाला आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कांफ्रेंस में एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. अनुपम वर्मा और एलएलआरएम मेरठ की डॉ. रचना चौधरी के गंभीर प्रसूति विज्ञान में हर निर्णय महत्वपूर्ण और हर क्षण का महत्व पर व्याख्यान दिया।

इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी के प्रेसीडेंट कर्नल डॉ. पंकज तलवार ने प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ - आशा को जीवन में बदलना विषय पर वर्चुअल, दिल्ली की डॉ. एम गौरी देवी और डॉ. ऋतु खन्ना ने व्याख्यान दिया। डॉ. नीना मेहरोत्रा और डॉ. वंदना जैन ने रोबोटिक सर्जरी - गति में सटीकता, देखभाल में उत्कृष्टता से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। लैप्रोस्कोपी की चुनौतियों पर मुख्य अतिथि डॉ. नूतन जैन ने व्याख्यान दिया। अंत में यूपीसीओजी की सेक्रेटरी डॉ. भारती माहेश्वरी और डॉ. आस्था अग्रवाल ने सौंदर्य प्रसाधन कॉस्मेटिक और स्त्री रोग जैसे विषयों पर लेक्चर दिया।

इस अवसर पर एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. नवनीत मेगन, मेजर जर्नल डॉ. किशन कपूर, एसजीपीजीआई चंडीगढ़ से डॉ. इंदु लता, हमदर्द मेडिकल कॉलेज से डॉ. अरुणा निगम, डॉ. आयशा अहमद, डॉ. आरके मिश्रा मौजूद रहे।